दिनांक– 14–11–2017 को श्री मंगेश घिल्डियाल, जिलाधिकारी,/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केदारनाथ विकास प्राधिकरण, (**KDA**), रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में श्री केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यो की समीक्षा व अन्य बिन्दुओं पर की गयी चर्चा के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

उपस्थिति – संलग्नानुसार,

सर्व प्रथम जिलाधिकारी द्वारा बैठक में सभी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का अभिनन्दन करते हुए केदारनाथ धाम में गतिमान पुनर्निर्माण कार्यो को आगामी यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी –

1– सभी कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य करने में लगभग 500 मजदूर काम करेगें, जिनके लिये श्री केदारनाथ में रहने, खाने की व्यवस्था की जानी आवशयक है। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्यों की रेख–देख में लगभग 20 अधिकारी/कर्मचारी भी रहेंगे। इन अधिकारियों/कर्मचारियों के रहने खाने की व्यवस्था भी श्री केदारनाथ में की जानी है । इस सम्बन्ध में **GMVN** केदारनाथ को निर्देशित किया गया है कि वह श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों के दृष्टिगत लगभग 500 मजदूरों के लिये तथा 20 अधिकारी/ कर्मचारियों के लिये माह अप्रैल 2018 तक रहने व खाने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे ।

(कार्य0 क्षेत्रीय प्रवन्धक GMVN रामपुर, केदारनाथ)

2– कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि श्री केदारनाथ में सर्दी अथवा वर्फवारी एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों के मध्यनजर उक्त पुनर्निर्माण कार्यों को कराने में उक्त 500 मजदूरों के लिये गरम जैकेट, मौजे, टोपी, लोअर, स्लिपिंग बैग, पी0वी0सी0 ग्लब्ज, मेट्रस एवं गमबूट आदि सामग्री की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि उक्त सामग्री क्रय करने हेतु अपर जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में निम्नलिखित प्रकार से समिति गठित की जाती है :–

1	अपर जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग	अध्यक्ष
2–	अधिशिासी अभियन्ता, सिविल ईकाई DDMA , रूद्रप्रयाग	सदस्य
3–	अधिशिासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, केदारनाथ	सदस्य
4–	उप जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी, पुनर्निर्माण कार्य, केदारनाथ	सदस्य
5–	बरिष्ठ कोषाधिकारी, रूद्रप्रयाग	सदस्य

उक्त समिति को निर्देशित किया जाता है कि वह केदारनाथ विकास प्राधिकरण, (KDA), रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्री क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।.

(कार्य0 अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति)

3— श्री केदारनाथ मन्दिर के आगे वाले एप्रोच मार्ग में वर्तमान में विद्युत पोल स्थापित है जिन्हे उक्त मार्ग के निर्माण के दृष्टिगत हटाये जाने है। उक्त के सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड, रूद्रप्रयाग को निर्देशित किया जाता है वह मन्दिर के एप्रोच मार्ग से उक्त विद्युत पोलों को तत्काल प्रभाव से 3 दिन के अन्दर हटाना सुनिश्चित करे।

(कार्य0 अधिशासी अभियन्ता अधिकारी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड, रूद्रप्रयाग)

4— श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों के लिये कार्यदयी संस्थाओं के द्वारा छोटे–छोटे स्टोन केशर, मिक्सर मशीन इत्यादि सामग्री क्रय करने की आवश्यकता वतायी गयी है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, सिविल ईकाई DDMA रूद्रप्रयाग को निर्देश दिये गये है कि वह आवश्यकतानुसार छोटे–छोटे स्टोन केशर, मिक्सर मशीन इत्यादि क्रय कर श्री केदारनाथ में स्थापित करना सुनिश्ति करें। तथा निर्माण कार्य में जो मशीने DDMA रूद्रप्रयाग के द्वारा लगायी गयी है, उनका अनुबन्ध एक वर्ष के लिये और बढाया जाय।

5— केदारनाथ धाम में Mi–26 हैलीपैड से श्री केदारनाथ मन्दिर तक 50 फिट चौड़े मार्ग का निर्माण कार्य जो कि दिनांक 13.11.2017 से प्रारम्भ कर दिया गया है जो आगामी यात्रा से पूर्व पूर्ण किया जाना है। उक्त मार्ग की खुदाई का कार्य अधिशासी अभियन्ता, सिविल कार्य इकाई, DDMA रूद्रप्रयाग 30 नवम्बर, 2017 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्य0 अधिशासी अभियन्ता,सिविल ईकाई **DDMA** रूद्रप्रयाग)

6— श्री केदारनाथ में पुननिर्माण कार्य आगामी यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व पूर्ण कराये जाने है, जिसके फलस्वरूप दिन–रात निर्माण कार्य चलना है। रात में कार्य करने के लिये लाईट व्यवस्था की जानी आवश्यक है। अधिशासी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड, रूद्रप्रयाग को निर्देशित किया जाता है कि वह केदारनाथ में कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं से समन्वयक स्थापित करते हुए लाईट व्यवस्था वनाये रखेंगे।

(अधिशासी अभियन्ता अधिकारी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड, (यू0पी0सी0एल0),रूद्रप्रयाग)

7— श्री केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यो के दृष्टिगत GNVN के पुराने भवन में कार्यायल स्थापित किया जाना है जिस हेतु विद्युत व्यवस्था के दृष्टिगत वर्तमान में चौकी

केदारनाथ में रखा गयां जनरेटर को GNVN के पुराने भवन में स्थापित किये जाने हेतु उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ / नोडल अधिकारी, पुनर्निर्माण कार्य, केदारनाथ को निर्देशित किया गया हैं।

(उपजिलाधिकारी; ऊखीमठ / नोडल अधिकारी, पुनर्निर्माण कार्य, केदारनाथ)

8— नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि GMVN के पुराने भवन में जो सेन्ट्रल रूम हिटिंग सिस्टम खराब है। पुनर्निर्माण कार्यों को समयान्तर्गत किये जाने के उद्देश्य से अधिकारियों / कर्मचारियों की आवासीय सुविधा के दृष्टिगत उक्त सेन्ट्रल रूम हिटिंग सिस्टम को ठीक कराना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ / नोडल अधिकारी, पुनर्निर्माण कार्य, केदारनाथ को निर्देशित किया गया कि उक्त सेन्ट्रल रूम हिटिंग सिस्टम को समय पर ठीक करवाना सुनिश्चित करेगें। उक्त कार्य पर व्यय की धनराशि का भुगतान केदारनाथ विकास प्राधिकरण मद अन्तर्गत किया जा सकता है।

(उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ / नोडल अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धन, GMVN रामपुर, केदारनाथ)

9— उंक्त के सम्बन्ध में श्री केदारनाथ मंदिर के पीछे लैंड स्कैपिंग का जो कार्य नेहरू पर्वतारोहण संस्थान द्वारा किया जाना है के सम्बन्ध में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान द्वारा जिन्दल ग्रुप से शीघ्र वार्ता कर उक्त कार्य को 15 नवम्बर, 2017 से प्रारम्भ करना सुनिश्चित करेगें।

(प्रधानाचार्य, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, हॉल केदारनाथ / श्री निकुल शाह प्रतिनिधि, जिन्दल ग्रुप)

अन्त में उपरोक्त निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण कराने की अपेक्षा करते हुए अधिकारियों / कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया ।

ह0/—
(मंगेश घिल्डियाल),
आई0ए0एस0,
जिलाधिकारी,रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग ।

संख्या— 723 / 34—05(KDA) / 2017—18 दिनांक नवम्बर 15, 2017 ।

प्रतिलिपि— निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1— क्षेतीय, प्रवन्धक, GMVN रामपुर, केदारनाथ ।

2— अधिशासी अभियन्ता, सिविल कार्य इकाई, DDMA रूद्रप्रयाग।

3— प्रधानाचार्य, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, (NIM) उत्तरकाशी हाल केदारनाथ ।

4— श्री नकुल शाह, प्रतिनिधि जिन्दल ग्रुप (JSW) बांद्रा ईस्ट मुम्बई,हाल केदारनाथ।

5— अधिसासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, केदारनाथ जनपद रूद्रप्रयाग ।

6— अधिशासी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड, (यू0पी0सी0एल0) रूद्रप्रयाग।

7— उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ / नोडल अधिकारी, केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य ।

8— अपर जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग अध्यक्ष, क्रय समिति, KDA रूद्रप्रयाग ।

9— मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड, यमुना कालोनी, देहरादून।

10— आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौड़ी ।

11— सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास, उत्तराखण्ड शासन देहरादून ।

12— सचिव, पर्यटन विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

13— प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून ।

14— निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन देहरादून ।

15— अपर सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन देहरादून ।

जिलाधिकारी,
रूद्रप्रयाग।